# हिंदी दिवस पर साहित्यकार रामभरोषा कंडवाल सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** हिंदी दिवस के अवसर पर ग्राम्य एकता प्रगति प्रेमांजलि समागम समिति (गेप्स) एवं देवभूमि उत्कर्ष सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए साहित्यकार एवं लेखक रामभरोषा कंडवाल को 'शांति दूर साहित्य गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाजसेवी डा. चंद्रमोहन बड़थ्वाल तथा रविंद्र सिंह रावत ने किया। इस अवसर पर रविंद्र सिंह रावत ने कहा कि वर्तमान समय में जब पूरा विश्व युद्ध और बारूद के खतरे से जूझ रहा है, ऐसे दौर में 'अंगोला में भारतीय शांति दूत' जैसी पुस्तक की प्रासंगिकता और बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि यह कृति केवल एक सैनिक के अनुभवों का दस्तावेज नहीं, बल्कि विश्व शांति, मानवीय संवेदनाओं और भारतीय शांति परंपरा का साहित्यिक प्रतिबिंब भी है।


आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते सदस्य

गोष्ठी में डा. चंद्रमोहन बड़थ्वाल ने प्रभावशाली काव्य पाठ कर साहित्य प्रेमियों को भाव-विभोर किया। वहीं, डा. रमाकांत कुकरेती ने अपनी ओजपूर्ण कविता 'हिंदुस्तान' के माध्यम से श्रोताओं में राष्ट्रप्रेम और उत्साह का संचार किया। रामभरोषा कंडवाल ने अपनी चर्चित कविता 'अपनी भाषा का मान बढ़ाए' प्रस्तुत कर मातृभाषा हिंदी के प्रति सम्मान और गौरव का संदेश दिया। समारोह में 'अंगोला में भारतीय शांति दूत' के लेखक रामभरोषा कंडवाल को उनकी साहित्यिक कृति के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जगदंबा भारद्वाज, मनमोहन काला, डा. रमाकांत कुकरेती, भारत सिंह नेगी, अनुराग कंडवाल, जगदीश भारद्वाज सहित अन्य साहित्यप्रेमी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### विद्यालयों में संचालित हो रहा चीनी भाषा चीनी भाषा अधिगम कार्यक्रम

श्रीनगर गढ़वाल : राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख विदेशी भाषा से जोड़ने के उद्देश्य से जनपद पौड़ी गढ़वाल के 11 पीएम श्री माध्यमिक विद्यालयों में चीनी भाषा अधिगम कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। सोमवार को डायट पौड़ी गढ़वाल एवं दून विवि के स्कूल ऑफ लैंग्वेज (चाइनीज स्टडीज) के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि चीनी भाषा को रोजगार के वैश्विक अवसरों से जोड़ने की पहल की जा रही है। कार्यक्रम में दून विवि की कुलपति प्रो. सुरेखा डांगवाल, चीनी भाषा विभाग के सहायक प्रो. डॉ. शैंकी चंद्रा, विभागाध्यक्ष प्रो. तन्वी नेगी, सह-समन्वयक दीपांशु सैनी, पौड़ी के मुख्य शिक्षा अधिकारी अत्रेश सयाना, सह-समन्वयक भारत भूषण परमार, कार्यक्रम समन्वयक शिवानी रावत सहित 11 पीएम श्री माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं नोडल शिक्षक शामिल हुए। कुलपति प्रो. सुरेखा डांगवाल ने कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# शादी के झूठे वादे का आरोप साबित न होने पर आरोपी दोषमुक्त

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : शादी का झांसा देकर युवती से सात साल तक शारीरिक संबंध बनाने और बाद में शादी से इन्कार कर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे) रजनी शुक्ला की अदालत ने आरोपी राहुल कुमार को दोषमुक्त कर दिया। अदालत ने कहा कि उपलब्ध साक्ष्यों से दोनों के बीच सहमति से प्रेम संबंध और शारीरिक संबंध होने की बात सामने आती है, जबकि शादी का झूठा वादा किए जाने का आरोप अभियोजन पक्ष युक्तियुक्त संदेह से परे साबित नहीं कर सका।

अभियोजन के अनुसार इंद्रानगर आमपड़ाव निवासी युवती ने 20 मार्च 2026 को पुलिस को तहरीर दी थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि करीब सात वर्ष पहले उसकी राहुल कुमार से जान-पहचान हुई थी। राहुल ने शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। युवती का आरोप था कि शादी की बात करने पर राहुल हर बार उसे टाल देता था। तहरीर में युवती ने गर्भवती होने, गर्भपात कराने तथा शादी के लिए पांच लाख रुपये, सोने की अंगूठी और कार की मांग किए जाने का भी आरोप लगाया था। साथ ही 17 फरवरी 2026 को शादी के लिए दबाव बनाने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया था। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना के बाद न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया। सुनवाई के दौरान पीड़िता अपने पूर्व आरोपों से पलट गई। उसने अदालत में बयान दिया कि राहुल के साथ उसका प्रेम संबंध था और दोनों शादी के लिए तैयार थे। उसने यह भी कहा कि राहुल और उसके परिवार ने शादी के लिए सहमति जताई थी। पीड़िता ने लगाए गए आरोपों से इन्कार कर दिया। उसकी बहन ने भी अभियोजन की कहानी का समर्थन नहीं किया। अदालत ने संबंधित न्यायिक नजीरों का हवाला देते हुए कहा कि शादी का वादा तभी झूठा माना जाएगा, जब वादा करते समय ही उसे निभाने की मंशा न हो और इसी झूठे वादे का महिला के शारीरिक संबंध बनाने के निर्णय से सीधा संबंध हो। अदालत ने माना कि अभियोजन आरोपी के खिलाफ आरोपों को युक्तियुक्त संदेह से परे साबित करने में असफल रहा। इसके आधार पर राहुल कुमार को दोषमुक्त कर दिया गया।

# पुस्तक दान अभियान को मिल रहा व्यापक समर्थन



**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग :** जिलाधिकारी विशाल मिश्रा की पहल पर जनपद में चलाए जा रहे ‟एक पुस्तक दान करें, ज्ञान का वृक्ष लगाएं" अभियान को लगातार लोगों का सहयोग मिल रहा है। इसी क्रम में बदरी-केदार मंदिर समिति के सदस्य डॉ. विनीत पोस्ती ने जिलाधिकारी विशाल मिश्रा से भेंट कर विभिन्न विषयों से संबंधित 35 पुस्तकें भेंट कीं। डॉ. विनीत पोस्ती द्वारा भेंट की गई पुस्तकों में धार्मिक, समसामयिक, विज्ञान, गणित सहित विभिन्न विषयों से संबंधित पुस्तकें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पुस्तकें ज्ञान का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम हैं और समाज में पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को इस अभियान से जुड़कर कम से कम एक पुस्तक दान करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुस्तकों के माध्यम से बच्चों और युवाओं को ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी सामग्री उपलब्ध कराने की दिशा में यह अभियान सराहनीय पहल है। जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने डॉ. विनीत पोस्ती का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ‟एक पुस्तक दान करें, ज्ञान का वृक्ष लगाएं" अभियान का उद्देश्य जनपद में पुस्तकालयों एवं अध्ययन केंद्रों को समृद्ध करना तथा बच्चों, युवाओं और आमजन में अध्ययन की रुचि को बढ़ावा देना है।

### प्रधानों ने दी ब्लॉक मुख्यालय में तालाबंदी की चेतावनी

श्रीनगर गढ़वाल : दस सूत्री मांगों पर कार्रवाई नहीं होने से नाराज प्रधान संगठन विकासखंड खिर्सू ने आंदोलन की चेतावनी है। संगठन ने 16 सितंबर को सुबह 10 बजे से विकासखंड मुख्यालय खिर्सू में तालाबंदी कर विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। प्रधानों ने मुख्यमंत्री से लंबित मांगों का शीघ्र निराकरण करने की मांग की है। खंड विकास अधिकारी शिव सिंह भंडारी ने 14 सितंबर को जिलाधिकारी पौड़ी को पत्र भेजकर प्रधान संगठन के प्रस्तावित आंदोलन की जानकारी दी है। पत्र में बताया गया है कि प्रधान संगठन विकासखंड खिर्सू के अध्यक्ष समेत 17 ग्राम प्रधानों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन ब्लॉक कार्यालय में सौंपा है। प्रधान संगठन का कहना है कि लंबे समय से 10 सूत्री मांगों को उठाया जा रहा है, लेकिन अब तक इनका समाधान नहीं हो पाया है। लगातार मांग उठाने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से ग्राम प्रधानों में नाराजगी है। इसी के विरोध में अब 16 सितंबर को ब्लॉक मुख्यालय में तालाबंदी कर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है।

# निबंध और भाषण प्रतियोगिता में शिवानी रही अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** भक्तदर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जयहरीखाल में सोमवार को हिंदी दिवस मनाया गया। विद्यार्थियों के लिए भाषण एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतियोगिता में शिवानी ने अव्वल स्थान प्राप्त किया।

निबंध प्रतियोगिता का विषय 'हिंदी भाषा एवं बोलियां तथा भाषण प्रतियोगिता का विषय 'हिंदी सिनेमा एवं साहित्य का अंतर्संबंध' रखा गया। निबंध प्रतियोगिता में शिवानी ने प्रथम, सोनिया ने द्वितीय तथा प्राकृति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं भाषण प्रतियोगिता में शिवानी प्रथम, सलोनी रावत द्वितीय एवं कल्पना तृतीय स्थान पर रहीं। विद्यार्थियों ने हिंदी सिनेमा और साहित्य के पारस्परिक संबंध तथा समाज एवं संस्कृति पर इनके प्रभाव से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए।


आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. एलआर राजवंशी ने कहा कि हिंदी केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक एकता का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों से दैनिक जीवन में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग के साथ भाषा एवं साहित्य के संरक्षण और संवर्धन में योगदान देने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग की प्राध्यापिका डॉ. सुमन कुकरेती ने किया। उन्होंने हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को हिंदी के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रचार-प्रसार के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. अजय रावत, डॉ. अर्चना नौटियाल, डॉ. मानसी वत्स, डॉ. नेहा शर्मा, डॉ. अभिषेक कुकरेती, डॉ. ऊषा सिंह एवं डॉ. वसीम अहमद सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही और हिंदी भाषा एवं साहित्य के प्रति जागरूकता एवं सम्मान का संदेश दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉक्टरों की हड़ताल जारी

श्रीनगर गढ़वाल : बेस अस्पताल में कार्यरत पीजी रेजिडेंट और सीनियर रेजिडेंट की हड़ताल का असर अब बेस की स्वास्थ्य सेवाओं पर भी पड़ने लगा है। चिकित्सक पिछले चार दिनों से हड़ताल पर हैं। हालांकि यह हड़ताली चिकित्सक इमरजेंसी सेवाओं में कार्य कर रहे हैं। केवल रूटीन ओपीडी और ओटी का ही बहिष्कार किया जा रहा है। चमोली, पौड़ी, टिहरी, रुद्रप्रयाग जिलों से रोजाना बड़ी संख्या में रोगी बेस अस्पताल इलाज के लिए पहुंचते हैं, ऐसे में रेजिडेंट की हड़ताल से उन्हें भी परेशानियां होने लगी हैं। जिस ओपीडी में दो से तीन चिकित्सक तैनात होते हैं वहां एक चिकित्सक होने से ही मरीजों को घंटों लाइनों में खड़ा होना पड़ रहा है। बेस अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एएन पांडे ने बताया कि नॉन पीजी और जेआर कार्य पर वापस लौट चुके हैं, आंदोलित रेजिडेंट को भी मनाने का प्रयास किया जा रहा है। रेजिडेंट की हड़ताल से अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं पर थोड़ा-बहुत असर पड़ रहा है। वहीं वन नेशन वन स्टाइपेंड की मांग को लेकर पीजी रेजिडेंट और सीनियर रेजिडेंट की हड़ताल चौथे दिन भी जारी रही। बेस अस्पताल ओपीडी ब्लॉक के सम्मुख आंदोलित रेजिडेंट ने धरना देते हुए प्रदर्शन किया। कहा कि यदि उनकी मांगें शीघ्र नहीं मानी गई तो वह आंदोलन को तेज करेंगे।

### श्रीनगर में निकाली कलश यात्रा

श्रीनगर गढ़वाल : भगवान गणेश के जयकारों के बीच सोमवार को नगर में कलश यात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। साथ श्री गणेश मंदिर प्रांगण में श्री कूर्म महापुराण दिव्य कथा और धार्मिक अनुष्ठानों का शुभारंभ हो गया। सुबह शारदा घाट स्थित हनुमान मंदिर से कलश यात्रा शुरू हुई। व्यास मधुसूदन घिल्डियाल ने श्री कूर्म महापुराण दिव्य कथा का श्रवण कराया। आयोजन के दौरान प्रतिदिन दोपहर तीन से शाम छह बजे तक कथा और रात सात बजे महाआरती होगी। आयोजकों ने बताया कि 25 सितंबर को सुबह सात बजे से हवन-पूजन शुरू होगा।

### साईनीकृष्ण हिंदी हितैषी सम्मान से सम्मानित

श्रीनगर गढ़वाल : वर्षभर हिंदी में लेखन एवं दैनिक जीवन में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए साईनीकृष्ण उनियाल को बुलंदी साहित्यिक सेवा समिति की ओर से हिंदी हितैषी सम्मान से सम्मानित किया गया। संस्था के संस्थापक एवं अंतरराष्ट्रीय कवि बादल बाजपुरी तथा संरक्षक पंकज शर्मा ने उन्हें सम्मान प्रदान किया।

# राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में दो इन्ट्रेक्ट क्लबों का गठन



आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जानकारी देते वक्ता

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** रोटरी क्लब कोटद्वार के तत्वावधान में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, कोटद्वार में जूनियर वर्ग के 'उड़ान' एवं सीनियर वर्ग के 'अचीवर्स' नाम से दो इन्ट्रेक्ट क्लबों का गठन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को व्यक्तित्व विकास, सामाजिक जागरूकता और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ रोटरी क्लब की अध्यक्ष रो. प्रतिभा गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि इन्ट्रेक्ट क्लब का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सेवा भावना विकसित करना है। क्लब के माध्यम से छात्राओं को रोटरी के सेवा कार्यों से जुड़कर अपने व्यक्तित्व को निखारने और समाजहित में सक्रिया योगदान देने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान रोटरी सदस्यों ने छात्राओं को यातायात नियमों, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा पॉलिथीन के दुष्प्रभाव और उसके सुरक्षित विकल्पों के बारे में जानकारी दी। साथ ही शिक्षा के महत्व, नियमित अध्ययन और भविष्य के प्रति सजग रहने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया गया। सीनियर वर्ग के 'अचीवर्स' क्लब में अनामिका को अध्यक्ष, नम्रता को सचिव और नंदिनी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं जूनियर वर्ग के 'उड़ान' क्लब में वर्षा अध्यक्ष, अक्षरा सचिव और उन्नति कोषाध्यक्ष चुनी गईं। दोनों क्लबों में 20-20 सदस्य रखे गए। क्लब के सभी सदस्यों को रोटरी अध्यक्ष प्रतिभा गुप्ता ने शपथ दिलाई। सोनी धस्माना को इन्ट्रेक्ट क्लब का कॉर्डिनेटर बनाया गया। कार्यक्रम में रो. ज्योति उपाध्याय, रो. अशोक अग्रवाल, रो. धीरज धर बछुवाण, रो. गोपाल बंसल एवं रो. उषा अग्रवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# 23 सितंबर से होगी शुरू खण्ड स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिताएं

**जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली :** विकासखण्ड एकेश्वर की संस्कृत छात्र प्रतियोगिताएं आगामी 23 और 24 सितम्बर को आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिताएं अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज नौगांवखाल में सम्पन्न होगी।

उत्तराखंड संस्कृत अकादमी हरिद्वार की ओर से संस्कृत के प्रचार-प्रसार हेतु विकासखंड से राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली संस्कृत छात्र स्पर्धाओं के प्रथम चरण की तैयारियों को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. गुंजन अमरोही के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में खण्ड संयोजक गणेश प्रसाद पसबोला ने बताया कि खण्ड स्तरीय छात्र स्पर्धा अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज नौगांवखाल में 23 एवं 24 सितंबर को आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिताएं दो वर्गों में होगी। कनिष्ठ वर्ग में कक्षा 6 से 10 और वरिष्ठ वर्ग में कक्षा 11 से स्नातकोत्तर तक के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेगें। उन्होंने बताया कि संस्कृत नाटकम्, संस्कृत समूह गान, संस्कृत समूह नृत्य, संस्कृत श्लोकच्चारणम्, संस्कृत वाद-विवाद, संस्कृत आशु भाषणम् प्रतियोगिता आयोजित होगी। प्रथम दिन कनिष्ठ वर्ग और द्वितीय दिन वरिष्ठ वर्ग की प्रतियोगिताएं सम्पन्न होगी। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा।

# जिला स्तरीय शरदकालीन क्रीड़ा प्रतियोगिता सम्पन्न

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** राजकीय स्टेडियम कोटद्वार में आयोजित पांच दिवसीय जिला स्तरीय शरदकालीन क्रीड़ा प्रतियोगिता का रविवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता में पौड़ी जनपद के 15 विकासखंडों से करीब 1400 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलों में प्रतिभाग किया। अंतिम दिन फुटबाल के मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों में उत्साह भर दिया।

अंडर-14 बालक वर्ग के फुटबाल फाइनल में दुगड्डा ने पौड़ी को 1-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। अंडर-17 बालक वर्ग में कोट और पौड़ी के बीच मुकाबला निर्धारित समय तक 1-1 से बराबर रहा। ट्राई ब्रेकर में भी दोनों टीमें 5-5 गोल से बराबरी पर रहीं। इसके बाद सडन डेथ में कोट के सारांश ने निर्णायक गोल कर अपनी टीम को 7-6 से जीत दिलाई। अंडर-19 बालक वर्ग में पौड़ी और पाबौ के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। पाबौ के अक्षित नेगी ने पहला गोल दागा, जबकि पौड़ी के अर्जुन ने गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। मैच के अंतिम क्षणों में पौड़ी के आदित्य ने निर्णायक गोल कर अपनी टीम को चैंपियन बना दिया। अंडर-17 बालिका वर्ग में कोट ने दुगड्डा को 2-0 से हराकर चैंपियनशिप जीती। वहीं, अंडर-19 बालिका वर्ग का फाइनल पौड़ी और दुगड्डा के बीच खेला गया। निर्धारित समय तक मुकाबला रोमांचक रहा और विजेता का फैसला ट्राई ब्रेकर से हुआ। इसमें पौड़ी ने दुगड्डा को 3-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया। फुटबाल प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक राजकीय इंटर कॉलेज सीकू के सुरेंद्र सिंह रावत रहे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में चयनकर्ता बृजमोहन भंडारी, राजेश रावत, योगेंद्र पटवाल, जगमोहन बिष्ट और राकेश मोहन बलोधी समेत अन्य शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रमाकांत कुकरेती, मुकेश रावत, बलबीर सिंह नेगी और मनीष कोठियाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### अंजली की गढ़वाली कविता प्रदेश में पहले स्थान पर

श्रीनगर गढ़वाल : ग्रामीण परिवेश में पढ़ने वाली आठवी की छात्रा अंजली पडियार ने अपनी कलम से गढ़वाली भाषा का मान बढ़ाया है। पीएम श्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज डांगचौरा की अंजली ने प्रदेश स्तरीय गढ़वाली कविता लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। हिंदी दिवस पर सोमवार को देहरादून में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने अंजली को सात हजार रुपए की पुरस्कार राशि और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उत्तराखंड भाषा संस्थान देहरादून की ओर से हिंदी और उत्तराखंड की लोक भाषाओं के उत्सव के उपलक्ष्य में प्रदेशभर के विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए कविता और निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इसमें कक्षा आठ की अंजली ने गढ़वाली कविता लेखन में प्रदेश में पहला स्थान हासिल कर विद्यालय के साथ ही क्षेत्र का नाम रोशन किया।


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

| विभाग | Electrical (TRD) | Electrical (TRD) | Electrical (TRD) |
|---|---|---|---|
| टेंडर नं. | T-07-TRD-MB-26-27-I | T-08-TRD-MB-26-27-I | T-09-TRD-MB-26-27-I |
| कार्य का नाम | "मुरादाबाद मंडल के शेष बचे खंड में एल.सी.गेटों के इंटरलॉकिंग के संबंध में टीआरडी कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।" | मुरादाबाद डिवीजन में ADSTE/HRI के अंतर्गत TUV>20000 वाले एल. सी. गेटों के इंटरलॉकिंग के संबंध में टीआरडी, कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं। | मुरादाबाद डिवीजन में ADSTE/MB के अंतर्गत TUV>20000 वाले एल. सी. गेटों के इंटरलॉकिंग के संबंध में टीआरडी, कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं। |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 05.10.2026 15:00 Hrs | 05.10.2026 15:00 Hrs | 11.09.2026 15:00 Hrs |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹66,71,904.49 (Including GST @18%) | ₹91,54,735.82 (Including GST@18%) | ₹79,38,337.79 (Including GST@18%) |
| बिड सिक्योरिटी राशि (₹) | ₹1,33,400/- | ₹1,83,100 | ₹1,58,800/- |
| निविदा प्रपत्र मूल्य(₹) | NIL | NIL | NIL |
| ऑफर की वैधता(दिन) | 60 Days | 60 Days | 60 Days |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 06 Months | 06 Months | 06 Months |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in Divisional Railway Manager's Office, Northern Railway, Moradabad. | | |

निविदा सूचना सं.: Elect/TRD/MB/2026-27/TN-13 दिनांक: 14.09.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के 3162/2026


# आबकारी विभाग की छापेमारी से आक्रोशित ग्रामीणों ने डीएम से की मुलाकात

## डीएम ने एसडीएम पौड़ी को सौंपी मामले की जांच

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** आबकारी विभाग की कार्रवाई से आक्रोशित ग्रामीणों ने जिलाधिकारी पौड़ी स्वाति एस भदोरिया से मुलाकात की। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच करने, आबकारी विभाग के छापामार दल को बर्खास्त करने और सोर्स को सार्वजनिक करने की मांग की। जिलाधिकारी ने मामले की जांच के आदेश दे दिये है। मामले की जांच एसडीएम पौड़ी को सौंपी गई है।



मामला कल्जीखाल ब्लाक के दिवई गांव का है जहां किसी के कहे सुने पर आबकारी विभाग उस युवा के घर पर छापा मार देता है जो छः साल से देहरादून रह रहा है। घर पर उसके बूढ़े मां बाप को धमकाया जाता है, अन्य परिजनों के घर के ताले तोड़े जाते हैं, लेकिन उनके हाथ लगता कुछ नहीं है। इस कार्रवाई से आक्रोशित ग्रामीण सोमवार को जिलाधिकारी पौड़ी से मिलने पहुंचे। ग्रामीणों ने पूरे मामले की जानकारी डीएम को दी। ग्रामीणों ने बताया कि बिना सर्च वारंट और बिना आईडी के आबकारी विभाग की टीम गांव पहुंच गई, विरोध करने पर युवक के माता-पिता और चचेरी बहन को धमकाया गया और उनके फोन छीन लिये गये। जिस पर डीएम ने नाराजगी जताई। ग्राम प्रधान अनुसूया देवी के नेतृत्व में आए ग्रामीणों ने आबकारी विभाग के छापामार दल को बर्खास्त करने और सोर्स को सार्वजनिक करने की मांग की। उन्होंने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि सरकारी ठेकों में जहां ओवर रेट शराब बिक रही और शराब की तस्करी हो रही है उनके खिलाफ तो कोई कार्रवाई नहीं हो रही है तथा जिनका शराब के कारोबार से कोई लेना-देना नहीं है उनके खिलाफ कार्रवाई हो रही है। जिलाधिकारी गढ़वाल ने मामले की जांच के आदेश दे दिए है। एसडीएम पौड़ी इस प्रकरण की जांच करेंगी। डीएम ने भी सख्त कार्रवाई का भरोसा ग्रामीणों को दिया है। ग्रामीणों ने भी तत्काल न्यायिक कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। प्रतिनिधि मंडल में पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय डबराल, पूर्व कनिष्ठ प्रमुख अर्जुन पटवाल, अजय पटवाल, रविंद्र बिष्ट, उमाशंकर रावत आदि शामिल थे।


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 12.09.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/प्रथम द्वारा ई टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 185-DRM-MB-26-27 Dt. 10.09.2026 | 191-DRM-MB-26-27 Dt. 12.09.2026 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Turnout renewals and allied miscellaneous track works in the jurisdiction of SSE/P.way/DDN under ADEN/HW | Provision of High-Level Platforms (PF 1 & 2) and FOB along with ramp towards HW end at Rishikesh. |
| निविदा का प्रकार | Works | Works |
| निविदा की कीमत | Nil | Nil |
| अनुमानित लागत | 1,04,93,088.62 | 4,33,75,197.47 |
| धरोहर राशि | 2,09,900.00 | 8,67,500.00 |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 08.10.2026 16:00 | 08.10.2026 16:00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 24.09.2026 | 24.09.2026 |
| आफर की वैधता | 60 Days | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 Months | 06 Months |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3157/26

# 600 मी0 दौड़ में श्रेयांस, दिव्या ने मारी बाजी

## द्वारीखाल ब्लॉक की शरद एवं शीतकालीन खेल प्रतियोगिताएं शुरू, ब्लॉक प्रमुख बीना राणा ने किया शुभारंभ



**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** विकासखण्ड द्वारीखाल की ब्लॉक स्तरीय शरद एवं शीतकालीन तीन दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू हो गई है। इस अवसर पर आयोजित 600 मी0 दौड़ बालक वर्ग में प्रथम स्थान श्रेयांस एमपीएस सतपुली, द्वितीय स्थान प्रिन्स रावत जीयूपीएस गुमखाल, तृतीय स्थान अनुज जीयूपीएस हिलोगी, 600 मी0 दौड़ बालिका वर्ग में प्रथम स्थान दिव्या राणा एमपीएस सतपुली, द्वितीय स्थान तानिया जीयूपीएस हिलोगी, तृतीय स्थान अनिका एसएसवीएमचैलूसैण ने प्राप्त किया।

सोमवार को डाडामण्डी क्रीडा स्थल में क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख द्वारीखाल बीना राणा, अति विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र सिह राणा, विशिष्ट अतिथि विनोद गर्ग, अमित पोखरियाल, दिनेश नेगी, खण्ड शिक्षा अधिकारी खुशाल सिंह टोलिया ने संयुक्त रूप से माँ शारदे के चित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्जवलित कर किया। मुख्य अतिथि बीना राणा ने मार्च पास्ट की सलामी ली। उन्होंने खिलाड़ियों को शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा खेल प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, मेडल एवं धनराशि प्रदान की गयी। मुख्य अतिथि बीना राणा ने विभिन्न स्कूलों से आए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हार जीत की भावना से ऊपर उठते हुए खेल का भरपूर लुत्फ उठाते हुए खेलें। कहा कि खेलों में भी छात्र अपना कॅरियर बना सकते हैं। सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए कई प्रकार की विशेष सुविधाएं प्रदान कर रही है। अति विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र सिह राणा ने अपने सम्बोधन में कहा कि शिक्षा विभाग का खेलों के प्रति अच्छा सकारात्मक दृष्टिकोण है। सरकार द्वारा सरकारी नौकरियों में भी खेल का कोटा निर्धारित किया गया है, जो छात्र-छात्राएं खेलों में अपनी प्रतिभा दिखा सकते है उन्हें सरकार द्वारा विशेष सुविधाएं दी जा रही है।

इस अवसर पर जय सिंह बिष्ट खेल समन्वयक, नीरज पथिक खेल सह समन्वयक, शूरवीर सिंह खेल सहसमन्वयक, रघुबीर सिंह राणा, मनीष राणा जिला मंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ पौड़ी, भीम सिंह बिष्ट अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारीखाल, नवीन कन्नौजिया अध्यक्ष जू.शि.स. द्वारीखाल, अर्जुन भण्डारी, अर्जुन सिह जिला पंचायत सदस्य, सुराडी, प्रधान ग्राम पंचायत लोषण, तीरथ सिह प्रधान ग्राम पंचायत रिंगवाडगांव, रविन्द्र चौहान प्रधान ग्राम पंचायत सैंज मल्ला, सरेश सिह प्रधान ग्राम पंचायत बल्ली, मनमोहन सिंह प्रधान ग्राम पंचायत जमेली आदि उपस्थित रहे।

# हिमालय भारत की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक चेतना का महत्वपूर्ण आधार




जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हिन्दी दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में हिमालयी संस्कृति, परंपराओं और लोक जीवन को समर्पित पत्रिका 'हिमालयन संस्कृति' के प्रवेशांक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'हिमालयन संस्कृति' पत्रिका के माध्यम से हिमालयी राज्यों की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं, लोक आस्थाओं, रीति-रिवाजों, लोक कला, लोक साहित्य, इतिहास, विरासत तथा पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन से जुड़े विविध आयामों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही हिमालय की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान से युवा पीढ़ी को परिचित कराने के प्रयास सराहनीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालय केवल भौगोलिक क्षेत्र नहीं, बल्कि भारत की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक चेतना का महत्वपूर्ण आधार है। हिमालयी लोक परंपराओं और विरासत का संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यह विशेषांक हिमालयी समाज की जीवंत सांस्कृतिक विरासत का संदर्भ-स्रोत बनने के साथ संस्कृति के संरक्षण के साथ-साथ हिमालयी पर्यावरण के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता को भी नई दिशा प्रदान करने में भी सहायक होगा। पत्रिका के संपादक रजनीश कौंसवाल ने कहा कि इस विशेषांक में हिमालयी संस्कृति के विविध पक्षों को एक मंच पर लाने तथा हिमालय की लोक स्मृतियों, परंपरागत ज्ञान, लोक कलाओं, सामाजिक जनसरोकारों और पर्यावरणीय चेतना को दस्तावेज के रूप में संरक्षित करने की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास किया है।

# यमुनोत्री धाम समेत गई गांवों में बिजली गुल

बड़कोट। रवांई घाटी में बिजली आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए। रविवार–सोमवार की मध्यरात्रि मुख्य विद्युत लाइन में फाल्ट आने से यमुनोत्री धाम समेत नौगांव, पुरोला और मोरी ब्लॉक के बड़े हिस्से में करीब 11 घंटे बिजली गुल रही। रातभर आपूर्ति बाधित रहने से लोगों के मोबाइल फोन शोपीस बने रहे और जरूरी कामकाज प्रभावित हुआ। सबसे बड़ी परेशानी यह रही कि मुख्य लाइन में खराबी के बावजूद एक दशक से अधिक समय पहले तैयार की गई वैकल्पिक व्यवस्था भी क्षेत्र को राहत नहीं दे सकी।

मध्यरात्रि में आपूर्ति बाधित होने के बाद ऊर्जा निगम की टीम ने फाल्ट तलाशने का काम शुरू किया। जंगलों के बीच से गुजर रही बड़ी विद्युत लाइन में खराबी होने के कारण फाल्ट का स्थान तलाशने में कर्मचारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। करीब 11 घंटे बाद सोमवार सुबह लगभग 10 बजे आपूर्ति बहाल हो सकी।

एसडीओ रोबिन सिंह ने बताया कि जंगलों के बीच गुजर रही मुख्य लाइन में फाल्ट आने से आपूर्ति बाधित हुई थी। फाल्ट तलाशने और उसे दुरुस्त करने में समय लगा। टीम ने लगातार काम कर सुबह करीब 10 बजे आपूर्ति सुचारू कर दी। इधर, स्थानीय लोगों ने वैकल्पिक लाइन की उपयोगिता पर सवाल उठाते हुए इसे हर समय दुरुस्त रखने की मांग की है।

ब्लॉक प्रमुख सरोज पंवार, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद डोभाल, यमुनोत्री मंदिर समिति प्रवक्ता पुरुषोत्तम उनियाल, व्यापार मंडल के सुरेंद्र सिंह रावत, सोहन गैरोला और मदन जोशी ने कहा कि यमुनोत्री धाम जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में घंटों बिजली संकट गंभीर विषय है। मुख्य लाइन फेल होने पर तत्काल वैकल्पिक आपूर्ति की व्यवस्था की जानी चाहिए।

## भंगेली में बढ़ रही है फोड़े–फुंसियों की शिकायत

उत्तरकाशी। भटवाड़ी ब्लॉक के भंगेली गांव में बच्चों समेत करीब 20–25 लोगों में फोड़े–फुंसियों की शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने गांव में निगरानी बढ़ा दी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंचकर प्रभावित लोगों की जांच कर दवा दे चुकी है। ग्राम प्रधान के अनुसार फिलहाल सभी बच्चे ठीक हैं। ग्रामीणों ने नए जलस्रोत से पेयजल आपूर्ति शुरू होने के बाद समस्या सामने आने की बात कही है। ग्राम प्रधान संदीप सिंह ने बताया कि करीब 10 से 15 वर्ष की उम्र के कुछ बच्चों में फोड़े–फुंसियों की शिकायत सामने आई थी। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नौ संक्रमित बच्चों समेत करीब 20–25 लोगों की जांच कर दवा दी। सीएमओ डॉ. श्याम विजय सिंह ने बताया कि बारिश के मौसम में हाइजीन से जुड़े बैक्टीरिया पनपने और साफ–सफाई की कमी के कारण इस तरह की समस्या संभवतः हो सकती है।

# प्रशिक्षु अधिकारी क्यूंजा गांव में करेंगे ग्राम दर्शन

**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग :** उत्तराखंड प्रशासन अकादमी, नैनीताल के प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद रुद्रप्रयाग के विकासखंड अगस्त्यमुनि स्थित क्यूंजा गांव में ग्राम दर्शन कार्यक्रम प्रस्तावित है। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षु अधिकारियों को क्षेत्रीय प्रशासन, सहभागी शासन एवं जन-केंद्रित विकास की व्यावहारिक समझ प्रदान करना है। ग्राम दर्शन कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षु अधिकारी क्यूंजा गांव की विकासात्मक एवं जनसांख्यिकीय स्थिति का प्रत्यक्ष अध्ययन करेंगे। इस दौरान गांव की जनसंख्या, शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, कृषि, आधारभूत सुविधाओं, सरकारी योजनाओं की पहुंच, स्थानीय संसाधनों तथा प्रमुख समस्याओं से संबंधित आवश्यक आंकड़े एकत्र किए जाएंगे। एकत्रित आंकड़ों एवं स्थानीय स्तर से प्राप्त जानकारी के आधार पर प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा सूक्ष्म ग्राम विकास रिपोर्ट तैयार की जाएगी। कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षु अधिकारी सर्वप्रथम जिलाधिकारी विशाल मिश्रा एवं मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत से भेंट कर जनपद की विकासात्मक



प्राथमिकताओं, प्रशासनिक व्यवस्था तथा ग्राम स्तर पर संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे। इसके पश्चात क्यूंजा गांव पहुंचकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से संवाद करेंगे और क्षेत्र की जमीनी आवश्यकताओं, चुनौतियों तथा विकास की संभावनाओं को समझेंगे। ग्राम दर्शन के दौरान प्रशिक्षु अधिकारी ग्रामीणों से सीधे संवाद कर यह भी जानेंगे कि सरकारी योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का लाभ धरातल पर किस प्रकार पहुंच रहा है। साथ ही स्थानीय संसाधनों एवं संभावनाओं के आधार पर गांव के समग्र विकास के लिए आवश्यक सुझावों को भी संकलित किया जाएगा।

## एक नजर

### सीएचसी में डॉक्टरों तैनाती के लिए लोग मुखर

बड़कोट। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की भारी कमी को लेकर सोमवार को व्यापारियों और स्थानीय लोगों का आक्रोश सड़क पर उतर पड़ा। अस्पताल परिसर में सांकेतिक धरना–प्रदर्शन कर लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली पर चिंता जताई और एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर रिक्त पदों पर तत्काल नियुक्ति की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सीएचसी नगर क्षेत्र के साथ आसपास के गांवों की बड़ी आबादी का प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है। चारधाम यात्रा के दौरान यमुनोत्री धाम पहुंचने वाले हजारों श्रद्धालु और पर्यटक भी आपात स्थिति में इसी अस्पताल पर निर्भर रहते हैं। इसके बावजूद पर्याप्त चिकित्सक नहीं हैं।

ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 2015 में शासन ने सीएचसी बड़कोट के लिए चिकित्सकों के आठ नए पद स्वीकृत किए थे लेकिन वर्तमान में इनमें से केवल एक दंत चिकित्सक के पद पर नियुक्ति है। शेष पद लंबे समय से रिक्त हैं। इससे मरीजों को उपचार के लिए दूर–दराज के अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है। लोगों ने स्त्री रोग विशेषज्ञ, चिकित्सा अधिकारी, सर्जन और एनेस्थीसिया विशेषज्ञ समेत अन्य जरूरी चिकित्सकों की नियुक्ति, गर्भवती महिलाओं एवं प्रसव सुविधाओं को मजबूत करने और चारधाम यात्रा को देखते हुए आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग की।

### मांगों के निराकरण के लिए प्रधान संगठन हुआ मुखर

पुरोला। गांवों की सरकार के धैर्य का बांध अब टूटने लगा है। प्रदेश प्रधान संगठन की 10 सूत्री मांगों पर चार माह बाद भी ठोस कार्रवाई नहीं होने से ग्राम प्रधानों ने आंदोलन तेज करने का फैसला लिया है। पुरोला ब्लॉक प्रधान संगठन ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर चेतावनी दी है कि मांगों पर जल्द निर्णय नहीं हुआ तो 16 सितंबर को प्रदेशभर के ब्लॉक मुख्यालयों पर सांकेतिक धरना–प्रदर्शन किया जाएगा।

खंड विकास अधिकारी के माध्यम से भेजे ज्ञापन में प्रधानों ने कहा कि ग्राम पंचायतें ग्रामीण विकास की सबसे निचली और महत्वपूर्ण कड़ी है लेकिन पर्याप्त अधिकार, संसाधन और वित्तीय व्यवस्था के अभाव में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। संगठन ने ग्राम प्रधानों का मासिक मानदेय 20 हजार रुपये करने, पंचायत सदस्यों को मानदेय देने और ग्राम पंचायतों की राज्य एवं केंद्रीय वित्त की धनराशि बढ़ाने की मांग प्रमुखता से उठाई है। प्रधानों ने मनरेगा और वीबीजी–रामजी योजना में श्रमिकों की उपस्थिति ऑफलाइन करने, कुशल–अकुशल श्रमिकों की मजदूरी बढ़ाने, पंचायतों को अधिक अधिकार देने और जिला योजना के प्रस्ताव ग्राम सभाओं से पारित कराने की मांग भी रखी है। इसके साथ प्रधानों के स्वास्थ्य व जीवन बीमा, पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना में प्राथमिकता, ग्राम प्रधान निधि और 10 लाख रुपये तक के विकास कार्यों में ग्राम पंचायत को कार्यदायी संस्था बनाने की मांग शामिल है।

### स्कूल बने पर्यावरण संरक्षण की पाठशाला

पुरोला। पर्यावरण संरक्षण और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को जन आंदोलन बनाने की दिशा में पुरोला ब्लॉक में बड़ा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। खास बात यह है कि अभियान का केंद्र गांव नहीं बल्कि विद्यालयों को बनाया गया है।ग्रामीण महिला स्वास्थ्य चेतना एवं स्वरोजगार विकास समिति पुरोला, उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, देहरादून के सहयोग से विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों में छात्र–छात्राओं को कचरा पृथक्कीकरण, प्लास्टिक प्रदूषण रोकने और स्वच्छ पर्यावरण के महत्व की जानकारी दे रही है। संस्था के जिला समन्वयक शिवम बिजल्वाण, ब्लॉक समन्वयक नवीन कोहली एवं ओमप्रकाश के नेतृत्व में अभियान आगे बढ़ रहा है। संस्था के अनुसार, एक इंटर कॉलेज में आसपास के 8 से 15 गांवों के विद्यार्थी पढ़ते हैं।

# द्वितीय चरण की केदारनाथ यात्रा की तैयारियों को लेकर डीएम ने ली विभागीय बैठक

**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग :** जिलाधिकारी श्री विशाल मिश्रा ने सोमवार को जिला सभागार में केदारनाथ यात्रा के द्वितीय चरण की यात्रा तैयारियों को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में यात्रा मार्ग, स्वास्थ्य, पेयजल, पशुपालन, खाद्य आपूर्ति, यातायात, स्वच्छता सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रा मार्ग की सड़कों को 15 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से गड्ढामुक्त किया जाए तथा इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्षा के कारण यदि कहीं सड़क बंद होती है तो उसे तत्काल यातायात के लिए खोला जाए। इसके लिए संवेदनशील स्थानों पर आवश्यक मशीनरी की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य व्यवस्था की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को सभी एमआरपी में पर्याप्त संख्या में चिकित्सकों की तैनाती के साथ ही आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा



कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों और किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी परेशानी का तत्काल समाधान किया जा सके। पशुपालन विभाग को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने सभी पशु चिकित्सा केंद्रों पर आवश्यक दवाओं की उपलब्धता एवं चिकित्सकों की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही यात्रा मार्ग पर पशुओं के लिए पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभाग को सभी पेयजल लाइनों की मरम्मत एवं आवश्यक रखरखाव का कार्य समय से पूरा करने को भी कहा। वहीं पूर्ति विभाग को यात्रा अवधि के दौरान पर्याप्त मात्रा में खाद्यान्न का भंडारण एवं उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा, ताकि स्थानीय लोगों के साथ ही यात्रियों को भी किसी प्रकार की परेशानी न हो। खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा विभाग को यात्रा मार्ग एवं प्रमुख व्यापारिक प्रतिष्ठानों में नियमित निरीक्षण और छापेमारी की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रतिष्ठान में एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री या मानकविहीन उत्पाद पाए जाते हैं तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस दौरान बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत, जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पारुल गोयल, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी आशीष रावत, जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे, जिला पूर्ति अधिकारी के.एस. कोहली, जिला आबकारी अधिकारी रमेश बगंवाल, उपजिलाधिकारी रुद्रप्रयाग सोहन सिंह सैनी, उपजिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल रावत, उपजिलाधिकारी जखोली भगत सिंह फोनिया सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# बारिश से दस ग्रामीण सड़कें बंद, 18 घंटे बाद खुला सारीगाड–कंडारी मार्ग



उत्तरकाशी। बारिश के चलते जिले में ग्रामीण सड़कों पर आवाजाही लगातार प्रभावित हो रही है। सोमवार को चार और सड़कें बंद होने के बाद जनपद में कुल 10 ग्रामीण मोटरमार्ग यातायात के लिए बंद पड़े हैं। इनमें सारीगाड–कंडारी मोटर मार्ग भी शामिल रहा, जो रविवार दोपहर भारी भूस्खलन के बाद करीब 18 घंटे तक बंद रहा। सोमवार सुबह साढ़े छह बजे मार्ग खुलने के बाद कंडारी क्षेत्र के करीब 27 गांवों की आवाजाही बहाल हो सकी। सारीगाड–कंडारी मोटरमार्ग पर रविवार दोपहर करीब एक बजे पहाड़ी से भारी मात्रा में मलबा गिरा था। मलबा सड़क के नीचे से गुजर रहे हरबर्टपुर–यमुनोत्री हाईवे तक पहुंचने से वहां भी यातायात प्रभावित हुआ। हालांकि हाईवे को रविवार शाम तक ही खोल दिया गया था, लेकिन कंडारी मार्ग पर लगातार मलबा गिरने के कारण आवाजाही शुरू नहीं हो सकी। सूचना के बाद संबंधित विभाग की मशीनरी मौके पर पहुंची और रविवार दोपहर से मलबा हटाने का काम शुरू किया गया। भूस्खलन प्रभावित हिस्से में बार–बार मलबा गिरने के कारण कर्मचारियों को रातभर मशक्कत करनी पड़ी। सोमवार सुबह मार्ग यातायात के लिए खोल दिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि सारीगाड–कंडारी मार्ग का यह हिस्सा लंबे समय से भूस्खलन जोन बना हुआ है। बारिश के दौरान यहां बार–बार मलबा आने से ग्रामीणों की आवाजाही प्रभावित होती है। इधर, जिले में भंक्वाड़, पासा–पोखरी, नैटवाड़–हटवाड़ी, सरू–ओसला, रानाचट्टी–निसणी, मोरी–सालरा और कोटगांव–कलाप समेत कई ग्रामीण मार्ग बंद हैं। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शार्दुल गुसाईं ने बताया कि बंद मार्गों को जल्द खोलने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए हैं।

# जिला मुख्यालय पर गूंजा गणपति का जयघोष

उत्तरकाशी। गणेश चतुर्थी के अवसर पर असी गंगा घाटी के दस गांवों में गणेश महोत्सव का शुभारंभ श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ। केलशू घाटी के ग्रामीणों ने कंडार देवता मंदिर से भगवान गणेश की भव्य शोभायात्रा निकाली। सोमवार को अगोड़ा, ढासड़ा, दंदालका, भंकोली, गजोली, नौगांव, सेकू और नाल्ड समेत आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण कंडार देवता मंदिर पहुंचे। यहां ग्रामीणों ने पारंपरिक रासो–तांदी लोकनृत्य की प्रस्तुति देकर पहाड़ की लोक संस्कृति की छटा बिखेरी। डोडीताल स्थित मां अन्नपूर्णा मंदिर के पुरोहित डॉ. राधेश्याम खंडूड़ी और संतोष खंडूडी ने बताया कि शोभायात्रा के बाद भगवान गणेश की मूर्ति को डोडीताल के बेस कैंप अगोड़ा गांव में स्थापित किया जाएगा। दस दिनों तक विशेष पूजा–अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान होंगे। महोत्सव के अंतिम तीन दिनों में जिले के विभिन्न गांवों से देव डोलियों का समागम होगा। इस दौरान धार्मिक अनुष्ठानों के साथ लोक संस्कृति और परंपरा से जुड़े विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

इस मौके पर गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान, भाजपा जिला अध्यक्ष नागेंद्र चौहान, मुख्यमंत्री गढ़वाल समन्वय किशोर भट्ट, डुंडा ब्लॉक प्रमुख राजदीप परमार, कमल सिंह रावत, उमेश पंवार, दिग्विजय सिंह नेगी, महादेव सिंह रावत, विजय बहादुर सिंह रावत, प्रताप रावत आदि मौजूद रहे।

# सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त जन शिकायतों का समयबद्ध एवं संतोषजनक निस्तारण करें : धामी

**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में सीएम हेल्पलाइन 1905 की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जन शिकायतों का त्वरित, समयबद्ध एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन आमजन की समस्याओं के समाधान का महत्वपूर्ण माध्यम है। शिकायतों का निस्तारण केवल पोर्टल पर औपचारिक रूप से बंद करने तक सीमित न रहे, बल्कि शिकायतकर्ता की समस्या का वास्तविक समाधान सुनिश्चित होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 30 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों के निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाए।मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिन जनपदों में जिस प्रकृति की शिकायतें सबसे अधिक प्राप्त हो रही हैं, संबंधित जिलाधिकारी उन शिकायतों की विभागवार समीक्षा कर उनका यथाशीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि एक ही प्रकृति की शिकायतें बार-बार आने के कारणों



का भी विश्लेषण किया जाए और ऐसी समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए प्रभावी कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को तहसीलों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान यह विशेष रूप से देखा जाए कि दाखिल-खारिज से संबंधित प्रकरणों का निस्तारण निर्धारित समयसीमा के भीतर हो रहा है या नहीं। भूमि धोखाधड़ी से संबंधित जन समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व संबंधी मामलों में आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और निर्धारित सेवाएं उन्हें समयबद्ध रूप से उपलब्ध हों। सचिव, विभागाध्यक्ष और जिलाधिकारी अपने स्तर पर नियमित रूप से लंबित शिकायतों की समीक्षा करें। जिन शिकायतों का निर्धारित समयावधि के भीतर निस्तारण नहीं किया जा रहा है, उनमें संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार के पुराने प्रकरणों की विभागीय स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग की जाए और उनके लंबित रहने के कारणों की भी समीक्षा की जाए। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु, एल. फैनई, डॉ. आर. मीनाक्षी सुन्दरम, सचिव शैलेश बगोली, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ, प्रमुख वन संरक्षक हॉफ कपिल लाल, सचिवगण, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे।

# हिंदी को विज्ञान, तकनीक, शोध और डिजिटल दुनिया की भी मजबूत भाषा बनाना होगा

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में आयोजित हिंदी दिवस समारोह में साहित्यकारों, लेखकों, भाषाविदों, छात्र-छात्राओं और हिंदी प्रेमियों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदी दिवस हमारी संस्कृति, सभ्यता और राष्ट्रीय चेतना के गौरव को संजोने तथा उसे नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण अवसर है। हिंदी केवल संवाद की भाषा नहीं, बल्कि हमारी राष्ट्रीय चेतना और सांस्कृतिक पहचान की सशक्त अभिव्यक्ति है।मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदी ने देश के विभिन्न क्षेत्रों, भाषाओं, बोलियों और संस्कृतियों के बीच संवाद का सेतु बनकर विविधता में एकता की भावना को मजबूत किया है। हिंदी के इसी महत्व को देखते हुए 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को देवनागरी लिपि में संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया।



उन्होंने कहा कि हिंदी दिवस अपनी भाषा, राष्ट्रीय पहचान और सांस्कृतिक गौरव पर गर्व करने का अवसर है। मुख्यमंत्री ने भारतेंदु हरिश्चंद्र की पंक्तियों निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल। बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटत न हिय के सूल। का उल्लेख करते हुए कहा कि अपनी भाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की उन्नति का आधार भी होती है। जो समाज अपनी भाषा को सहेजता है, वह अपनी संस्कृति और पहचान को भी सुरक्षित रखता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाषा और साहित्य का संबंध अत्यंत गहरा है। भाषा यदि शरीर है तो साहित्य उसकी आत्मा है। उत्तराखण्ड ने हिंदी और भारतीय साहित्य को अनेक महान विभूतियां दी हैं। राष्ट्रकवि सुमित्रानंदन पंत ने हिमालय और प्रकृति को अपनी कविताओं में अमर स्वर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा दीर्घकालीन साहित्य सेवी सम्मान के माध्यम से जीवनभर साहित्य साधना करने वाले साहित्यकारों को पांच लाख रुपये की सम्मान राशि प्रदान की जा रही है। उत्तराखण्ड साहित्य गौरव सम्मान के अंतर्गत हिंदी, गढ़वाली, कुमाऊँनी, जौनसारी, पंजाबी और उर्दू सहित विभिन्न भाषाओं के साहित्यकारों को सम्मानित किया जा रहा है।

## बिना नेटवर्क के श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज करना मुश्किल

नई टिहरी। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में डीएम नितिका खंडेलवाल ने कई समस्याओं का निस्तारण किया। लोगों ने पुनर्वास, प्रतिकर भुगतान, आपदा से क्षतिग्रस्त आवास और पुलिया निर्माण, सड़क, पेयजल और सोलर सुविधा प्रदान करने आदि समस्याएं रखी। जनता मिलन कार्यक्रम में सीमांत गंगी गांव की प्रधान अंगूरा देवी के प्रतिनिधि ने गांव में मोबाइल नेटवर्क की सुविधा नहीं होने के कारण वीबी– जीरामजी के श्रमिकों की ऑफलाइन उपस्थिति की अनुमति देने की मांग की। चंबा जल संस्थान में कार्यरत अस्थायी फीटर कर्मचारियों ने वेतन वृद्धि की मांग की। बौराड़ी व्यापार मंडल ने कवर्ड मार्केट और फर्नीचर मार्केट में एबीडी द्वारा किए गए रेनोवेशन कार्य का एक माह का शेष भुगतान और कवर्ड मार्केट में शौचालय को सुचारू कराने की मांग की। मनियार के ग्राम कोट निवासी रोशनी देवी ने इंटर पास बेटी के लिए समाज कल्याण विभाग से आर्थिक मदद की मांग की।

## दोहरी जिम्मेदारी पर डीएम ने तय किया ड्यूटी रोस्टर

नई टिहरी। वरिष्ठ कोषाधिकारी नई टिहरी का पदेन दायित्व और श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के मुख्य वित्त अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार देख रहे मनोज कुमार पांडेय के लिए अब जिलाधिकारी ने कार्य दिवस तय कर दिए हैं। कोषागार का काम प्रभावित न हो इसके लिए सप्ताह में तीन दिन वरिष्ठ कोषाधिकारी को कोषागार में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल की ओर से जारी आदेश के अनुसार वरिष्ठ कोषाधिकारी अब प्रत्येक सप्ताह सोमवार, बुधवार और शनिवार कोषागार नई टिहरी में अपने पदेन दायित्वों का निर्वहन करेंगे। वहीं शेष तीन दिन मंगलवार, बृहस्पतिवार और शुक्रवार को श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय बादशाहीथौल में मुख्य वित्त अधिकारी के अतिरिक्त प्रभार से जुड़े कार्यों का संपादन करेंगे।

आदेश में कहा गया है कि दोनों कार्यालयों में उपस्थित रहने के दिन कार्य सुविधा और जनहित को देखते हुए निर्धारित किए गए हैं। निर्धारित दिवसों में संबंधित कार्यालय में अधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य रूप से बनी रहनी चाहिए।

डीएम ने दोनों दायित्वों के निर्वहन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए है। निर्धारित कार्य दिवस पर किसी बैठक में शामिल होना आवश्यक होने पर संबंधित अधिकारी से अनिर्वाय रूप से अनुमति लेने को कहा है।

## लंबे इंतजार के बाद पोखार– पंजगांव सड़क का निर्माण काम शुरू



घनसाली (टिहरी)। पोखार–गेंवली–पंजगांव को जोड़ने वाली 10.50 किमी लंबी सड़क का निर्माण सोमवार से शुरू हो गया। 14.05 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क से चार से अधिक गांवों के 500 से अधिक परिवारों को लाभ मिलेगा। लंबे समय से सड़क की मांग कर रहे ग्रामीणों ने निर्माण शुरू होने पर खुशी जताई।विधायक शक्ति लाल शाह ने सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने बताया कि इस सड़क निर्माण में वन भूमि समेत अन्य अड़चनें आ रही थी। जिससे कार्य में विलंब होता गया। सड़क निर्माण अप्रैल 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। कहा कि विधानसभा क्षेत्र के ज्यादातर गांव अब सड़क सुविधा से जुड़ चुके हैं। कुछ तोक अभी अवशेष हैं, जिनकी डीपीआर शासन को भेजी जा चुकी है। इस मौके पर ग्राम प्रधान सुषमा रावत, कमलेश्वर कंसवाल, कुशाल रावत, हिम्मत राणा, रवि शाह, उदय पंवार, भरत सिंह रावत, उत्तम पंवार, विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

## विधानसभा चुनाव में भाजपा की बड़ी तैयारी



देहरादून। अगले विधानसभा चुनाव में प्रदेश में अनुसूचित जाति की आरक्षित 13 सीटों के अलावा दो सामान्य वर्ग की सीटों पर भी भाजपा अनुसूचित जाति के प्रत्याशी उतारकर आरक्षित दांव खेल सकती है। प्रदेश में चल रहे शुद्धिकरण विवाद को संगठन पूरी गंभीरता से ले रहा है। लिहाजा, अंदरखाने इस पर विचार किया जा रहा है कि 13 के साथ दो और मिलाकर कुल 15 प्रत्याशी अनुसूचित जाति से हों। 2022 के चुनावी नतीजों को देखें तो प्रदेश में कुल 13 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटें हैं। इनमें से नौ पर भाजपा और चार पर कांग्रेस के विधायक चुने गए थे। हल्द्वानी शुद्धिकरण मामले पर जिस तरह से कोर कमेटी की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने चर्चा की है, उससे साफ है कि भाजपा इस मुद्दे को लेकर गंभीर है। संगठन का मकसद है कि आरक्षित सीटों में जीत का आंकड़ा बढ़े। लिहाजा, अंदरखाने इस पर विचार चल रहा है कि सामान्य वर्ग की भी दो सीटों पर अनुसूचित जाति के प्रत्याशियों को मैदान में उतारा जाए। ऐसा करने से संगठन अनुसूचित जाति समाज में अपनी पैठ और मजबूत करना चाहेगा।

## कांग्रेस प्रदेशभर में शुरू करेगी काम मांगो अभियान



चमोली। कांग्रेस राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की ओर से प्रदेशभर में काम मांगो अभियान शुरू किया जाएगा। चमोली जिले के जोशीमठ से इस अभियान की शुरूआत की जाएगी। आगामी दो माह तक हर ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम किए जाएंगे।

रविवार को कांग्रेस भवन में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ललित फर्स्वाण की अध्यक्षता में हुई बैठक में अभियान की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय महासचिव व उत्तराखंड प्रभारी दीपक राठौर विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी, युवाओं के पलायन और स्थानीय स्तर पर रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध न होने के मुद्दे पर चर्चा की गई।

बैठक के बाद प्रेसवार्ता में उत्तराखंड प्रभारी दीपक राठौर ने कहा कि उत्तराखंड के गांवों को मजबूत किए बिना राज्य का समग्र विकास संभव नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय संसाधनों, मनरेगा, लघु व कुटीर उद्योग, कृषि, बागवानी, पशुपालन, पर्यटन और स्वरोजगार के माध्यम से बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा किए जा सकते हैं।

**प्रदेश के युवाओं को सम्मानजनक रोजगार देने की मांग**

इसके लिए सरकार को ठोस और दीर्घकालिक रोजगार नीति बनानी चाहिए। सरकारी विभागों के खाली पदों पर शीघ्र भर्ती, स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता, स्वरोजगार योजनाओं को प्रभावी बनाने और गांवों में रोजगार के नए अवसर पैदा करने की दिशा में सरकार को तत्काल कदम उठाने के लिए विवश किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ढोल की थाप, बप्पा का प्रताप, तीर्थनगरी में गूंजा गणपति का जाप

ऋषिकेश। ढोल–नगाड़ों, भक्ति संगीत और गणपति बप्पा मोरया के जयघोष के बीच ऋषिकेश में सोमवार को छठे गणेश महोत्सव का भव्य शुभारंभ किया गया। श्री गणपति सेवा मंडल की ओर से हरिद्वार रोड स्थित बैंक्वेट हॉल में शुरू हुए तीन दिवसीय महोत्सव के पहले दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पूरे आयोजन स्थल पर सुबह से ही भक्तिमय माहौल बना रहा।

विश्व हिंदू महासंघ व श्री गणपति सेवा मंडल, ऋषिकेश की संयुक्त पहल पर आयोजित महोत्सव का उद्घाटन उत्तराखंड के पद्मश्री जागर सम्राट प्रीतम भरतवाण, मेयर शंभू पासवान और पूर्व मेयर अनीता ममगाईं ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों ने भगवान गणेश की विधि–विधान से पूजा–अर्चना कर प्रदेश और क्षेत्र की सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना की। महोत्सव के पहले दिन भगवान गणपति की प्रतिमा की विधिवत स्थापना की गई। मंत्रोच्चार और पूजा–अर्चना के बीच जैसे ही गणपति की आरती हुई, श्रद्धालुओं ने जयकारों से पूरा परिसर गुंजायमान कर दिया। महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों में सहभागिता करते हुए भगवान गणेश का आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजक मंडल के केके सचदेवा ने बताया कि गणेश महोत्सव का आयोजन 14 से 16 सितंबर तक किया जा रहा है। इस दौरान धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कार्यक्रमों के साथ विभिन्न भजन संध्याओं का आयोजन किया जाएगा।

### विधायक ने हिंदी शिक्षकों को किया सम्मानित

ऋषिकेश। विभिन्न शिक्षण संस्थानों में हिंदी का शिक्षण कार्य कर रहे शिक्षकों को विधायक प्रेमचंद अग्रवाल ने सम्मानित किया। विधायक अग्रवाल ने कहा कि हिंदी केवल संवाद की भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, संस्कार, सभ्यता और राष्ट्रीय स्वाभिमान की पहचान है।

हिंदी को जन–जन तक पहुंचाने और आने वाली पीढ़ियों को अपनी मातृभाषा एवं राष्ट्रभाषा के प्रति गौरव का भाव जगाने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर सुशीला बर्थवाल, नीलम रावत, प्रमोद बडोला, डॉ. नागेंद्र प्रसाद पोखरियाल, मोहनलाल रणाकोटी, नीता गोस्वामी, आदि शिक्षको को सम्मानित किया गया।

### एसडीएम करेंगी बिजली की लाइनों की जांच

ऋषिकेश। एसडीएम ऋषिकेश कुमकुम जोशी खदरी खड़कमाफ, भट्टोंवाला और गुमानीवाला क्षेत्र में बिजली की लाइनों की लौपिंग चौपिंग के संबंध में जांच करेंगी। डीएम डॉ.आशीष चौहान ने कहा कि खदरी खड़कमाफ में महिला और बच्चे की मौत के बाद भी ऊर्जा निगम की ओर से बिजली की लाइनों के आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोग खदरी खड़कमाफ, भट्टोंवाला और गुमानीवाला में बिजली के लाइनों के आसपास पेड़ों की लॉपिंग चौपिंग न होने की शिकायत कर रहे हैं। उन्होंने एसडीएम को निर्देश दिए कि राजस्व विभाग की मौके पर भेजकर रिपोर्ट बनाई जाए। इस रिपोर्ट को ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता को भी दी जाए जिससे विद्युत दुर्घटना से बचा जा सके।

### वादों से इतर काम करने वाले नेतृत्व की तलाश में छात्र–छात्राएं

ऋषिकेश। श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के पं. ललित मोहन शर्मा परिसर में छात्र संघ चुनाव का प्रचार अभियान इन दिनों जोर–शोर से चल रहा है। विभिन्न पदों के प्रत्याशी छात्र–छात्राओं से संपर्क कर अपने पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। चुनाव को लेकर परिसर में छात्र–छात्राओं के बीच खासा उत्साह और हलचल देखने को मिल रही है।

छात्र–छात्राएं अपने प्रतिनिधियों के चयन को लेकर उत्सुक हैं और प्रत्याशियों के मुद्दों व चुनावी वादों पर चर्चा कर रहे हैं। विद्यार्थियों का कहना है कि वे ऐसे छात्र संघ पदाधिकारी चाहते हैं, जो केवल चुनाव के दौरान किए गए वादों तक सीमित न रहें, बल्कि पूरे वर्ष छात्रों के बीच मौजूद रहकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करें।

## प्रदेश की सभी सड़कों को जल्द गड्ढामुक्त किया जाए

### 15 अक्टूबर के बाद मुख्यमंत्री सड़क मार्ग से यात्रा कर स्वयं जायजा लेंगे

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में विभिन्न जनहित से जुड़े विषयों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश की सभी सड़कों को जल्द गड्ढामुक्त किया जाए। उन्होंने कहा कि मानसून के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत एवं सुधारीकरण के कार्यों में तेजी लाई जाए। जिलाधिकारी भी अपने-अपने जनपदों में सड़कों की स्थिति की नियमित समीक्षा करें और संबंधित विभागों एवं कार्यदायी संस्थाओं के कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चिश्चत करें। सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 अक्टूबर के बाद वे कभी भी सड़क मार्ग से यात्रा कर औचक निरीक्षण करेंगे। मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि यात्रा से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखा जाए। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यात्रा मार्गों पर यातायात, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक



व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी की जाए। संबंधित जिलाधिकारी और विभाग आपसी समन्वय से यात्रा व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखें। मुख्यमंत्री ने 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' अभियान के तीसरे चरण को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए तथा जनसमस्याओं का यथासंभव मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इन शिविरों का उद्देश्य शासन और प्रशासन को जनता के और निकट लाकर लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। मुख्यमंत्री ने 'सेवा संकल्प अभियान' की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। जनसेवा, जनभागीदारी और जनकल्याण को केंद्र में रखते हुए अधिक से अधिक लोगों को सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं से जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री ने स्वाइन फ्लू सहित विभिन्न संक्रामक एवं जलजनित रोगों की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी समय-समय पर अस्पतालों का निरीक्षण करें तथा साफ-सफाई व्यवस्था, आवश्यक दवाइयों एवं अन्य चिकित्सा सामग्री की उपलब्धता का जायजा लें। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु, एल. फैनई, डॉ. आर. मीनाक्षी सुन्दरम, सचिव शैलेश बगोली, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ, प्रमुख वन संरक्षक हॉफ कपिल लाल, सचिवगण, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे।

## गांजा तस्करी करने निकले महिला समेत दो आरोपी गिरफ्तार

ऋषिकेश। नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रायवाला पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान महिला समेत मेरठ निवासी दो कथित गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 5 किलो 315 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी सीज कर दिया है। पुलिस के मुताबिक, 13 सितंबर को रायवाला पुलिस की टीम खाण्डगांव पुलिया से करीब 50 मीटर आगे चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल संख्या – 4286 पर सवार एक महिला समेत दो संदिग्धों को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से अंकित कश्यप (23), निवासी मेरठ और निशा जाटव (34), निवासी मेरठ को गिरफ्तार किया। दोनों के खिलाफ कोतवाली रायवाला में मु0अ0सं0 147/2026, धारा 8/20/60 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

**मेरठ से गांजा खरीदकर ऋषिकेश में बेचने की थी योजना**

पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि अंकित कश्यप मेरठ स्थित एक डांस स्टूडियो में बच्चों को डांस सिखाता है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार महिला निशा के बच्चे भी उसी के पास डांस सीखते हैं।

पुलिस का दावा है कि अंकित ने मेरठ के एक स्थानीय नशा तस्कर से गांजा खरीदा था। इसके बाद वह निशा के साथ गांजा लेकर ऋषिकेश में नशे के आदी लोगों को ऊंचे दामों पर बेचने के इरादे से निकला था।

## बीस से पच्चीस दिन में विद्युत बिल आने से उपभोक्ता हुए परेशान

जौलीग्रांट। ऊर्जा निगम की मनमानी उपभोक्ताओं पर भारी पड़ रही है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि ऊर्जा निगम एक माह के स्थान पर बीस से पच्चीस दिन में ही लोगों को बिजली का बिल भेज रहा है जिससे लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ वर्ष पहले तक उपभोक्ताओं को दो माह में बिल भेजे जाते थे। उसके बाद निगम की ओर से एक माह के भीतर ही उपभोक्ताओं को बिजली के बिल भेजे जाने लगे हैं जिसका लोगों ने विरोध भी किया था। ऐसे में अब बीस से पच्चीस दिनों के भीतर ही बिजली के बिल उपभोक्ताओं को थमाए जा रहे हैं जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ता का आरोप है कि बिजली का बिल आने के कुछ दिन बाद ही अपना बिल जमा कराते हैं। बिल जमा कराते ही कुछ दिन बाद उन्हें दूसरा बिल थमाया जा रहा है जिससे असमंजस में पड़ जाते हैं कि नया बिल कौन से महीने का आया है। कुछ वर्ष पहले तक दो महीनों में उपभोक्ताओं को बिजली के बिल भेजे जाते थे। तब विद्युत यूनिट भी काफी सस्ती होती थी। धीरे–धीरे विद्युत दरों में वृद्धि होती रही। जिससे अब बिजली के बिल काफी भारी भरकम आने लगे हैं।

वहीं उपभोक्ताओं की खपत भी काफी बढ़ गई है। कांग्रेस नेता और उपभोक्ता जितेंद्र बिष्ट ने कहा कि रायपुर क्षेत्र सहित पूरे क्षेत्र में अब एक महीने से पहले भी बिजली के बिल आ रहे हैं।

## रुड़की में युवक ने चाकू से गर्दन पर किया वार

रुड़की। रुड़की के गणेश चौक के पास सोमवार सुबह उस समय अफरा–तफरी मच गई, जब एक युवक ने कथित तौर पर चाकू से अपनी गर्दन पर वार कर खुद को गंभीर रूप से घायल कर लिया। अचानक हुई इस घटना को देखकर मौके पर मौजूद लोग घबरा गए। सूचना मिलने पर गंगनहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार घटना सोमवार सुबह करीब 10:30 बजे की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवक रुड़की रेलवे स्टेशन की ओर से पैदल गणेश चौक की तरफ आ रहा था। शुरुआत में उसके व्यवहार से आसपास के लोगों को किसी अनहोनी का अंदाजा नहीं हुआ। बताया जा रहा है कि तुलसी हॉस्पिटल के पास पहुंचने के बाद युवक ने अचानक अपने पास मौजूद चाकू से अपनी गर्दन पर वार कर लिया। सड़क पर अचानक हुई घटना से आसपास के लोगों में



हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी।

**पुलिस ने तत्काल पहुंचाया अस्पताल**

गंगनहर कोतवाली पुलिस टीम सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए पुलिस ने एंबुलेंस का इंतजार किए बिना उसे सरकारी वाहन से अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में युवक का उपचार किया जा रहा है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

**पहचान और वजह की जांच में जुटी पुलिस**

फिलहाल युवक की पहचान नहीं हो सकी है। उसने यह कदम क्यों उठाया, इसके पीछे की वजह भी स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस युवक की पहचान करने के साथ ही घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

पुलिस द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। इसके माध्यम से युवक के आने–जाने के रास्ते और घटना से पहले उसकी गतिविधियों की जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही घटना की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी।

## राजधानी के कोरोनेशन अस्पताल में चले जूते–चप्पल

देहरादून। राजधानी देहरादून के जिला चिकित्सालय कोरोनेशन में देर रात मेडिकल कराने पहुंचे दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। अस्पताल परिसर में विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के युवकों ने एक–दूसरे पर जूते–चप्पल तक फेंके। हंगामे के दौरान अस्पताल की व्हीलचेयर क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि ईएमओ (इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर) कक्ष के बाहर लगा शीशा भी टूट गया। विवाद शांत कराने पहुंचे अस्पताल के पीआरडी जवान के साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप है। घटना के बाद अस्पताल के चिकित्सकों और कर्मचारियों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

**पहले बाहर हुआ था विवाद, मेडिकल के लिए पहुंचे थे अस्पताल**

जानकारी के अनुसार, रविवार रात करीब 11:30 बजे किसी विवाद को लेकर दो



युवकों के बीच अस्पताल के बाहर कहासुनी और मारपीट हुई थी। इसके बाद दोनों पक्ष मेडिकल परीक्षण कराने के लिए कोरोनेशन अस्पताल पहुंचे। बताया जा रहा है कि मेडिकल की प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही दोनों पक्षों के बीच अस्पताल परिसर में किसी बात को लेकर दोबारा कहासुनी शुरू हो गई।

देखते ही देखते विवाद ने उग्र रूप ले लिया और दोनों पक्षों के युवक एक–दूसरे से भिड़ गए। अस्पताल परिसर में ही हाथापाई और धक्कामुक्की शुरू हो गई। कुछ ही देर में दोनों ओर से जूते–चप्पल फेंके जाने लगे। इससे अस्पताल में अफरा–तफरी का माहौल बन गया।

**व्हीलचेयर क्षतिग्रस्त, ईएमओ कक्ष का शीशा टूटा**

मारपीट और हंगामे के दौरान अस्पताल में रखी व्हीलचेयर भी चपेट में आ गई और उसे नुकसान पहुंचा। वहीं, ईएमओ कक्ष के बाहर लगा शीशा भी टूट गया। देर रात अस्पताल में हुए इस हंगामे से वहां मौजूद मरीजों और तीमारदारों में भी दहशत का माहौल पैदा हो गया।

**बीच–बचाव करने पहुंचे पीआरडी जवान से भी मारपीट**

स्थिति बिगड़ती देख अस्पताल में तैनात पीआरडी जवान ने दोनों पक्षों को शांत कराने और विवाद रोकने का प्रयास किया।

**जयन्त**

संस्थापक : नरेन्द्र उनियाल

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस बदरीनाथ मार्ग, कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा बदरीनाथ मार्ग, कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित।

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र कोटद्वार, (गढ़वाल) उत्तराखण्ड होगा।

CONT. 9412081969

PRGI NO. 35469/79

